nt>
Title: Requests the Government to save the labourers of Chattisgarh from the atrocities of the owner of Delhi Purvanchal Company, Palam Soceity, New Delhi.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : मान्यवर, मैं मध्य प्रदेश राज्य के छत्तीसगढ़ इलाके के मजदूरों का किस तरह दिल्ली में शोषण हो रहा है, उसकी ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। दिल्ली पूर्वांचल कम्पनी, पालम सोसायटी, प्लाट नम्बर सात, पप्पनकलां, नई दिल्ली के मालिक श्री जमील आबताब छत्तीससगढ़ के मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने भवन बनवा लिया लेकिन ७० मजदूरों को छः महीने की ८० हजार रुपए मजदूरी अभी तक नहीं दी। उन्हें आधी मजदूरी दी गई। मजदूरी देने के नाम पर उन्हें उधर-उधर घुमाया जा रहा है।

मेरे पास मेरे क्षेत्र के लोग आये हैं। इनमें मुगली और नवागढ़ के मजदूर आये हैं। उन मजदूरों को मजदूरी नहीं दी जा रही है। मैंने उनसे फोन पर बात की है...

सभापति महोदय : आप वह बतायें जो भारत सरकार से कहना चाहते हैं।

श्री पुन्नू लाल मोहले : सभापति महोदय, मैं एक गंभीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिला रहा हूं कि किस तरह एक एम.पी. की अवहेलना की जा रही है। जब मैंने फोन से बात की तो मुझे कहा गया कि आप मालिक नहीं हैं, आप एम.पी. हैं, आपको इस काम से क्या लेना-देना है। मैंने यह बात माननीय श्रम मंत्री जी से कही है..

सभापति महोदय : आप सरकार से क्या चाहते हैं, वह कहिये न।

श्री पुन्नू लाल मोहले : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ से जो मजदूर दिल्ली में आये हुये हैं, उन्हें शोषण से बचाया जाये और उन मजदूरो को मजदूरी दिलाते हुये पालम स्थित प्लाट पर मालिक के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

MR. CHAIRMAN : Now, the House stands adjourned to meet again at 3.00 p.m.

14.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.

15.05 hrs

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at five minutes

past Fifteen of the Clock.

(Shri Basu Deb Acharia in the Chair)